हमको भी सिखला दो कान्हा लव ये कैसे होता है

हमको भी सिखला दो कान्हा लव ये कैसे होता है,
राज की बात बता दू तुमको मुझसे लव नहीं होता है

गोपियों संग नैन लड़ाते,
झूठ की धुन पे रास रचाते,
झूठ का जादू कैसे चलाया,
राधा जी को कैसे रिझाया,
नैन कैसे मैं भी लडाऊ,
तुमको ये सब आता है,
राज की बात बता दू तुमको,
मुझसे लव नहीं होता है।

लव यू लव यू कैसे बोलूँ,
जानूं ना लब कैसे खोलूं,
गोपियों को पागल बनाया,
कैसे मन में प्रीत जगाया,
प्यार करना मैं जानू,
सोच के दिल घबराता है,
राज की बात बता दू तुमको,
मुझसे लव नहीं होता है।

कहो तो ऑडी कार मँगाउ,
वृन्दावन में खुद आ जाऊ,
इस दफे मैं फ्रिज भिजवाया,
उसका कोई रिप्लाई ना आया,
कौशल को अब रास्ता दिखा दो,
हमसे वैट ना होता है,
राज की बात बता दू तुमको,
मुझसे लव नहीं होता है।

Source:
https://www.bharattemples.com/humko-bhi-shikhla-do-kanha-lav-ye-kaise-hota-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw